राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (O-105) अलेसे–I/ 909 दिनांकः– 04/06/2020

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 120/2018–19 दिनांक 25.02.2019 एवं शुद्धि पत्र क्रमांक 201 दिनांक 25.06.2019 के द्वारा श्री नरेन्द्र कुमार पारीक, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–II का पदस्थापन कार्यालय मुख्य ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, धौंद (सीकर) में होने के कारण मुख्य ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, धौंद (सीकर) के आदेश क्रमांक 48 दिनांक 11.07.2019 के द्वारा उक्त पद पर पदस्थापित श्री ओम प्रकाश, **(लिंक नम्बर 3723)** सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I को दिनांक 11.07.2019 को कार्यमुक्त कर निदेशालय में उपस्थिति दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त आदेश के क्रम में श्री ओम प्रकाश द्वारा स्वयं के रोगग्रसित होने के कारण दिनांक 12.07.2019 से 26.07.2019 तक चिकित्सा आधार पर अवकाश पर रहने के फलस्वरूप दिनांक 29.07.2019 को निदेशालय में आदेशों की प्रतीक्षा में अपनी उपस्थिति प्रस्तुत की गई थी। दिनांक 29.07.2019 से आदेशों की प्रतीक्षा में उपस्थित रहने के पश्चात् विभागीय आदेश संख्या 450/2019–20 दिनांक 01.08.2019 द्वारा श्री ओम प्रकाश का पदस्थापन प्राचार्य, राजकीय वाणिज्यक महाविद्यालय, सीकर में कर दिया गया, जिसकी अनुपालना में श्री ओम प्रकाश द्वारा दिनांक 02.08.2019 को कार्यग्रहण कर लिया गया था।

अतः राजस्थान सेवा नियम 6 (2) एवं खण्ड–II परिशिष्ट 9 के क्रमांक 22 (ग) में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में श्री ओम प्रकाश द्वारा आवेदित दिनांक 12.07.2019 से 26.07.2019 तक (15 दिवस) रूपान्तरित अवकाश (दिनांक 27.07.2019 एवं 28.07.2019 को राजपत्रित अवकाश के उपभोग की अनुमति सहित) स्वीकृत किया जाता है तथा इस निदेशालय में श्री ओम प्रकाश, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I द्वारा आदेशों की प्रतीक्षा की अवधि दिनांक 29.07.2019 से 01.08.2019 (4 दिन) को राजस्थान सेवा नियमों के नियम 7 (8) (बी) (iii) के अन्तर्गत कर्तव्य मानते हुए निम्नानुसार कॉलम संख्या 05 में अंकित अवधि के वेतन आहरण की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है :–

| क्र. स. | लिंक नं0 | नाम/ पदनाम | विभाग/ कार्यालय जहां से वेतन भुगतान किया जाना है | अवधि /माह जिसका वेतन भुगतान किया जाना है |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 3723 | श्री ओम प्रकाश, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I | तहसीलदार, सीकर (कनिष्ठ लेखाकार के रिक्त पद के विरूद्ध) | 01.07.2019 से 31.07.2019 तक |
| | | | प्राचार्य, राजकीय वाणिज्यिक महाविद्यालय, सीकर | 01.08.2019 नियमित वेतन |

(मुकुन्द सोहोनी)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क) (O-105) अलेसे–I/ 909 दिनांकः– 04/06/2020

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. प्राचार्य, राजकीय वाणिज्यक महाविद्यालय, सीकर
2. तहसीलदार, सीकर
3. मुख्य ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, धौंद
4. श्री ओम प्रकाश, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I कार्यालय राजकीय वाणिज्यक महाविद्यालय, सीकर।
5. अतिरिक्त निजी सचिव, निदेशक।
6. उपनिदेशक(एसीपी), कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पीआईएस में Updation करने हेतु।
7. गार्ड फाईल/निजी पत्रावली।

(भवानी सिंह मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक–I)